भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1811

जिसका उत्तर मंगलवार, 04 अगस्त, 2026/13 श्रावण, 1948 (शक) को दिया गया

प्रधानमंत्री जनधन योजना

1811 # डा. दिनेश शर्मा:

श्री सदानंद महालू शेट तानवड़े:

श्री बृज लाल:

डा. संदीप कुमार पाठक:

श्रीमती माया नारोलिया:

श्री नवीन जैन:

श्रीमती रेखा शर्मा:

श्री मयंककुमार नायक:

श्री घनश्याम तिवाड़ी:

श्री मदन राठौड़:

श्री राजेश परमानंद शुक्ला:

श्री अमर पाल मौर्य :

श्री संजय भाटिया:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत अब तक खोले गए खातों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) मई, 2026 की स्थिति के अनुसार प्रधानमंत्री जन धन योजना के खाताधारकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या प्रधानमंत्री जन धन योजना के खाताधारकों को कोई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?;

(घ) क्या प्रधानमंत्री जन धन योजना के खाताधारकों से न्यूनतम शेष राशि (मिनिमम बैलेंस) न रखने पर कोई शुल्क लिया जाता है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत महिला खाताधारकों की संख्या कितनी है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत दिनांक 15.07.2026 तक कुल 58.77 करोड़ खाते खोले गए हैं।

(ख): मई 2026 माह की स्थिति के अनुसार, पीएमजेडीवाई खाताधारकों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ग) और (घ): प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत एक मूल बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खाता है जिसे किसी भी बैंक शाखा में खोला जा सकता है। इन खातों में खाता खोलने का कोई शुल्क नहीं है और कोई न्यूनतम शेष राशि अपेक्षित नहीं है। इन खातों में निम्नलिखित विशेषताएं हैं: -

i. ओवरड्राफ्ट (ओडी) सीमा 10,000 रुपये तक;

ii. 2 लाख रुपये के अंतर्निहित दुर्घटना बीमा कवर के साथ मुफ्त रुपे डेबिट कार्ड। दिनांक 28.8.2018 से पहले खोले गए पीएमजेडीवाई खातों के लिए, रुपे कार्ड के साथ दुर्घटना बीमा 1 लाख रुपये है।

(ङ) दिनांक 15.07.2026 तक कुल 32.75 करोड़ महिला जन धन खाताधारक हैं।

*****

अनुबंध

"प्रधानमंत्री जन धन योजना" के संबंध में दिनांक 04.08.2026 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1811 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(लाख में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**पीएमजेडीवाई खातों की कुल संख्या (मई 2026 माह की स्थिति के अनुसार)**
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0.65
2	आंध्र प्रदेश	171.06
3	अरुणाचल प्रदेश	4.74
4	असम	258.38
5	बिहार	693.09
6	चंडीगढ़	3.44
7	छत्तीसगढ़	187.15
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	2.46
9	दिल्ली	70.48
10	गोवा	2.33
11	गुजरात	198.53
12	हरियाणा	111.39
13	हिमाचल प्रदेश	20.03
14	जम्मू और कश्मीर	24.60
15	झारखंड	205.32
16	कर्नाटक	217.14
17	केरल	74.74
18	लद्दाख	0.22
19	लक्षद्वीप	0.11
20	मध्य प्रदेश	470.08
21	महाराष्ट्र	380.87
22	मणिपुर	10.85
23	मेघालय	9.10
24	मिजोरम	4.42
25	नागालैंड	4.11
26	ओडिशा	240.16
27	पुडुचेरी	2.89
28	पंजाब	99.61
29	राजस्थान	384.23
30	सिक्किम	1.09
31	तमिलनाडु	189.44
32	तेलंगाना	132.92
33	त्रिपुरा	11.62
34	उत्तर प्रदेश	1,035.75
35	उत्तराखंड	40.90
36	पश्चिम बंगाल	566.37
कुल		**5,830.27**

स्रोत: बैंक

*****